समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Wednesday, 09 September 2026**


# द हंड्रेड मे मुंबई इंडियंस लंदन की धमाकेदार शुरुआत, निकोलस पूरन और सैम करन की रिकॉर्ड साझेदारी ; रोहित शर्मा ने बढ़ाया टीम का हौसला


Sanket Morankar



Published on 22 Jul 2026




इंग्लैंड में आयोजित **द हंड्रेड 2026** के पहले मुकाबले में **मुंबई इंडियंस लंदन** ने शानदार प्रदर्शन करते हुए **सनराइजर्स लीड्स** को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। इस मुकाबले की खास बात यह रही कि भारतीय कप्तान **रोहित शर्मा** भी स्टेडियम में मौजूद रहे और अपनी फ्रेंचाइजी का उत्साहवर्धन करते दिखाई दिए।

वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद भी रोहित शर्मा इंग्लैंड में ही रुके हुए हैं। उन्होंने ओवल स्टेडियम पहुंचकर मुंबई इंडियंस लंदन का समर्थन किया। मैच के दौरान वह टीम की मालिक **नीता अंबानी** के साथ दर्शक दीर्घा में बैठे नजर आए। स्टेडियम के बाहर भी रोहित शर्मा के प्रशंसकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में प्रशंसक उनके साथ तस्वीरें और सेल्फी लेने के लिए उत्सुक दिखाई दिए।

मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स लीड्स की टीम पूरे 100 गेंद भी नहीं खेल सकी और **99 गेदों मे 143 रन** बनाकर ऑलआउट हो गई। मुंबई इंडियंस लंदन की ओर से तेज गेंदबाज **रिचर्ड ग्लीसन** ने शानदार गेंदबाजी करते हुए **19 गेदों मे 25 रन देकर चार विकेट** हासिल किए। टीम के कप्तान **सैम करन** ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी को दबाव में रखा।

144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस लंदन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने **44 गेदों पर 51 रन** के स्कोर तक अपने तीन प्रमुख बल्लेबाजों **विल जैक्स, जेम्स विंस और जेसन रॉय** के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ऐसा लगा कि मुकाबला रोमांचक हो सकता है, लेकिन निकोलस पूरन और सैम करन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच का पूरा रुख बदल दिया।

दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए मात्र **40 गेदों मे नाबाद 93 रन** जोड़ते हुए मुंबई इंडियंस लंदन के लिए चौथे विकेट की

सबसे बड़ी साझेदारी का नया रिकॉर्ड बना दिया। निकोलस पूरन ने विस्फोटक अंदाज में **22 गेदों पर नाबाद 58 रन** बनाए, जिसमें पांच चौके और पांच छक्के शामिल रहे। वहीं कप्तान सैम करन ने संयम और आक्रामकता का शानदार संतुलन दिखाते हुए **39 गेदों पर नाबाद 60 रन** की मैच जिताऊ पारी खेली, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे।

पूरन और करन की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत मुंबई इंडियंस लंदन ने लक्ष्य को **84 गेदों मे हीं तीन विकेट खोकर** हासिल कर लिया और मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के साथ-साथ दो शानदार कैच पकड़ने वाले **निकोलस पूरन** को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

द हंड्रेड 2026 के पहले मुकाबले में मिली यह जीत मुंबई इंडियंस लंदन के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली साबित हुई है। टीम ने गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में संतुलित प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में की। रोहित शर्मा की मौजूदगी ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और प्रशंसकों के बीच इस मुकाबले का आकर्षण कई गुना बढ़ गया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.